तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर **अपील संख्या– 02/2024 90–ए(9) एल.आर.एक्ट** **(GCMS No. 2024/29)** **अनवान:** 1. गिरजाशंकर आसोपा पुत्र स्व. महादेव आसोपा जाति ब्राह्मण निवासी ए–12, करणीनगर पवनपुरी बीकानेर। **.....अपीलांट** बनाम 1. शबीर अहमद चन्द्र पुत्र गोसदीन जाति मुस्लिम निवासी 5–ई–45, जयनारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर। 2. सचिव, नगर विकास न्यास, बीकानेर। 3. स्टेट ऑफ राजस्थान, जरिये तहसीलदार बीकानेर। **....रेस्पोडेंट्स**	
23.09.2024	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषकगण उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उपरोक्त अनुवानी अपील को अब अपीलांट लोक अदालत की भावना से व मौजिज व्यक्तियों की समझाईस से आगे चलाना नहीं चाहते है। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अपनी अनापत्ति व्यक्त की। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील अपीलांट जरिये विड्रावल खारिज की जावे। हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं इस न्यायालय की पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील नगर विकास न्यास बीकानेर के निर्णय दिनांक 29.09.2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार पक्षकार इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं ज़रिये विड्रो खारिज करवाना चाहते है। अतः अपील अपीलांट्स जरिये विड्रावल (withdrawal) खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय निर्णय की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावें। आदेश सुनाया गया। (वन्दना सिंघवी) संभागीय आयुक्त, बीकानेर	